INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: VII- 2nd Lang | Department: Hindi | Class Work |
|---|---|---|
| Worksheet -No7 | Topic: - पत्र लेखन | Write in your Note Book |

**प्रश्न-1 अपने मित्र को उसके जन्मदिन की बधाई देते हुए पत्र लिखिए|**

परीक्षा भवन,
भारतीय विद्यालय अल वादी अल कबीर,
क.ख.ग, शहर|

दिनांक- 17 सितम्बर 2024

प्रिय मित्र राम,
सदा खुश रहो!

मैं यहाँ पर कुशल से हूँ तथा आशा करता हूँ तुम भी अपने स्थान पर स्वस्थ एवं प्रसन्न होंगे| मेरे दोस्त मैं आज तुम्हारे जन्मदिन की बधाई देने के लिए यह पत्र लिख रहा हूँ।10 दिन के बाद तुम्हारा जन्मदिन आ रहा है| मेरे और मेरे परिवार की तरफ से तुम्हें जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई| मैं एक उपहार भेज रहा हूँ, इसे स्वीकार करना|

घर में सभी बड़ों को मेरा सादर प्रणाम और छोटों को प्यार कहना|

तुम्हारा मित्र
अ.ब.स.

**प्रश्न-2 अपने बड़े भाई के विवाह में अपने सहेली को आमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए।**

परीक्षा भवन,
भारतीय विद्यालय अल वादी अल कबीर,
क.ख.ग शहर|
दिनांक: 5 मार्च 2024

प्रिय सहेली रानी,
मधुर स्नेह!
मैं यहाँ पर कुशल हूँ तथा आशा करती हूँ तुम भी अपने स्थान पर स्वस्थ एवं प्रसन्न होंगे| मेरे सखी, मैं आज तुम्हें एक विशेष प्रयोजन से यह पत्र लिख रही हूँ। मेरे बड़े भाई की शादी 15 दिसंबर2024 को है।

तुम सपरिवार शादी में आमंत्रित हो। हम अपने अन्य दोस्तों/सहेलियों के साथ मिलकर खूब मौज मस्ती करेंगे इसीलिए तुम शादी में अवश्य आना। तुम्हारा इंतजार रहेगा।

घर में सभी बड़ों को मेरा सादर प्रणाम और छोटों को प्यार कहना|

तुम्हारी सखी
अ.ब.स. राखी